पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा में के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण किया

**300 बेड के इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा : मुख्यमंत्री**

**कोई भी मरीज एक विश्वास के साथ डॉक्टर के पास आता, डॉक्टर की राय सही एवं प्रत्येक मरीज के लिए सुलभ होनी चाहिए**

**डॉक्टर का अच्छा व्यवहार मरीज की आधी से अधिक बीमारी को समाप्त कर देता, बाकी काम दवा और दुआ कर देती, इससे मरीज शीघ्र लाभ प्राप्त करता और डॉक्टर व हॉस्पिटल की प्रसिद्धि होती**

**भारतीय क्रिकेटर कपिलदेव ने सेवा के प्रकल्प को दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से आगे बढ़ाया**

**सरकार के प्रयास में निजी क्षेत्र की सहभागिता से प्रत्येक व्यक्ति तक और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में आसानी होती**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से लोगों को 60 करोड़ से अधिक लोगों को यूनिवर्सल हेल्थ कार्ड प्राप्त हुआ, उ0प्र0 में 05 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये गये**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज भारत हेल्थ के साथ प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाईयां छू रहा, उ0प्र0 भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेक–थ्रू तथा ग्रोथ इंजन बना**

**प्रदेश में वर्ष 2017 से पूर्व, सरकारी क्षेत्र में 17 मेडिकल कॉलेज संचालित थे, वर्तमान में 81 मेडिकल कॉलेज अलग–अलग जनपदों में संचालित**

**के0डी0एस0जी0 ग्रुप मेडिकल कॉलेज के क्षेत्र में निवेश करेगा, तो नये मेडिकल प्रोफेशनल्स तैयार करने तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी**

**विगत 01 वर्ष में मुख्यमंत्री राहत कोष से 1,300 करोड़ रु0 की धनराशि मरीजों के इलाज के लिए प्रदेश के इम्पैनल्ड हॉस्पिटलों को उपलब्ध करायी गयी**

**उ0प्र0 में 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज' तथा 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन प्रोडक्ट' की व्यवस्था, प्रदेश 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन कुजीन' की तरफ भी आगे बढ़ चुका**

**लखनऊ : 05 मार्च, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य की परिभाषा 'सही, सस्ती एवं विश्वसनीय सेवा' है। चिकित्सा सुविधा ऐसी हो, जिसमें किसी भी स्तर पर छल न हो और प्रत्येक व्यक्ति उसे वहन करने की क्षमता रखता हो। कोई भी मरीज एक विश्वास के साथ डॉक्टर के पास आता है। डॉक्टर की राय सही एवं प्रत्येक मरीज के लिए सुलभ होनी चाहिए। डॉक्टर का अच्छा व्यवहार मरीज की आधी से अधिक बीमारी को समाप्त कर देता है। बाकी काम दवा और दुआ कर देती है, जिससे मरीज शीघ्र लाभ प्राप्त करता है और डॉक्टर व हॉस्पिटल की प्रसिद्धि होती है।

मुख्यमंत्री जी आज ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर में के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्री कपिलदेव ने सेवा के प्रकल्प को दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से आगे बढ़ाया है। इससे गौतमबुद्धनगर वासियों के साथ–साथ एन0सी0आर0 से जुड़े समस्त जनपदों के नागरिकों को सुपर स्पेशियलिटी की बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी।

प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में स्वास्थ्य सुविधाओं पर निर्भर रहता है। सरकार ने अपने स्तर पर प्रयास किये हैं, लेकिन निजी क्षेत्र की सहभागिता से प्रत्येक व्यक्ति तक और अधिक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में आसानी होती है। 300 बेड के इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कम से कम एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें नर्सिंग स्टाफ, पैरा–मेडिकल स्टाफ, टेक्निशियन, वार्ड बॉय, दाई, स्वीपर आदि सम्मिलित होंगे। अर्थात्, यह हॉस्पिटल सेवा के साथ–साथ रोजगार तथा स्वावलम्बन की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी भी सम्प्रभु देश के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है कि उसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो। आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से लोगों को यूनिवर्सल हेल्थ कार्ड प्राप्त हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत देश के 60 करोड़ से अधिक लोगों को यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसमें उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है, जहां 05 करोड़ 60 लाख से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं। इसके माध्यम से कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी सरकारी या इम्पैनल्ड हॉस्पिटल में 05 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकता है। इस सुविधा में कोई भेदभाव नहीं किया जाता। इस योजना के माध्यम से एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। आज सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा के साथ–साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी रेट व निजी क्षेत्र के रेट व्यवहारिक हुए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने एजुकेशन एण्ड हेल्थ केयर में कार्य करने वाली महाराष्ट्र की प्रतिष्ठित संस्था डी0वाई0 पाटिल ग्रुप को इसके संचालन का दायित्व दिया है। इस ग्रुप ने महाराष्ट्र में काफी अच्छा कार्य किया है। इस अनुभव का लाभ जनपद गौतमबुद्धनगर के साथ एन0सी0आर0 से जुड़े जनपदों को भी प्राप्त होगा। प्रत्येक भारतवासी की समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है। इस दृष्टि से के0डी0एस0जी0 ग्रुप ने इस दिशा में स्पोर्ट्स के बाद हेल्थ केयर के क्षेत्र में सेवाएं देने का नया प्रयास प्रारम्भ किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज भारत हेल्थ के साथ ही, प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाईयां छू रहा है। वर्ष 2014 तक भारत में केवल 06 एम्स कार्य कर रहे थे। प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी पहल के परिणामस्वरूप, वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटी के साथ देश में 23 एम्स बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2017 से पूर्व, सरकारी क्षेत्र में 17 मेडिकल कॉलेज संचालित थे। डबल इंजन सरकार के प्रयास से आज प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज' के लक्ष्य को लगभग

प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज अलग–अलग जनपदों में संचालित हैं। प्रदेश के 04–05 जनपद ऐसे शेष हैं, जहां पर मेडिकल कॉलेज के लिए सरकार की एक पॉलिसी है। अगर के0डी0एस0जी0 ग्रुप मेडिकल कॉलेज के क्षेत्र में वहां निवेश करेगा, तो नये मेडिकल प्रोफेशनल्स तैयार करने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास की सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में केवल आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत ही नहीं, बल्कि सरकारी कर्मचारियों के बाद हाल ही में शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा वर्कर्स, शिक्षामित्र, अनुदेशक तथा बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत रसोइयों के लिए भी 05 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की गयी है। यह लोग अब किसी भी इम्पैनल्ड हॉस्पिटल में इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति आयुष्मान भारत अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत कार्ड नहीं बनवा पाया है, तो उनके उपचार हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। विगत 01 वर्ष में मुख्यमंत्री राहत कोष से 1,300 करोड़ रुपये की धनराशि मरीजों के इलाज के लिए प्रदेश के इम्पैनल्ड हॉस्पिटलों को उपलब्ध करायी गयी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश बदल चुका है। इस बदले हुए परिवेश में हमें स्वयं को तैयार करना है। अब उत्तर प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन माफिया' के स्थान पर 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज' तथा 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन प्रोडक्ट' की व्यवस्था है। प्रदेश 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन कुजीन' की तरफ भी आगे बढ़ चुका है। भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जेवर में शीघ्र प्रारम्भ होने वाला है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गौतमबुद्धनगर का यह क्षेत्र विकास की नई आभा के साथ देश में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय वाले क्षेत्र के रूप में अपना स्थान बना रहा है। भारत की 55 प्रतिशत मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग तथा 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेण्ट का निर्माण इसी जनपद में होता है। यहां फिल्म सिटी व मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। इस जनपद में लॉजिस्टिक्स और कार्गो का बड़ा केन्द्र विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का परिणाम है कि प्रदेश अब पहचान का मोहताज नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेक–थ्रू तथा ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए तैयार है।

कार्यक्रम को पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के फाउण्डर एवं डायरेक्टर श्री कपिलदेव ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री व लोक निर्माण राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, सांसद श्री महेश शर्मा, विधायक श्री तेजपाल नागर, श्री धीरेन्द्र सिंह, विधान परिषद सदस्य श्री नरेंद्र भाटी, श्री श्रीचन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अमित चौधरी, के0डी0एस0जी0 सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोगी फाउण्डर एवं डायरेक्टर श्री सुनील कुमार गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

———————